हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 11 जून 2025



# बेटे के साथ बैंक जा रही थी महिला, मिक्चर मशीन की चपेट में आने से मौत

## भाजपा पार्षद सुनील साहू की मां थी वृद्ध मृतिका, चिखली रोड़ में सड़क हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद सुनील साहू की मां का मंगलवार को हुए सड़क हादसे में मौत हो गई है। मृतिका महिला अपने बड़े बेटे के साथ दो पहिया वाहन में बैंक जा रही थी। इसी बीच मिक्चर मशीन की चपेटे में आने से उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे थे।

मिली जानकारी के अनुसर 56 वर्षीय महिला लीला साहू अपने बड़े बेटे यशवंत साहू के साथ सुबह करीब साढ़े 11 बजे अपने चिखली निवास स्थान से बैंक जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान पीछे से आई मिक्चर मशीन में महिला की साड़ी फंस गई। जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ी। गिरने के बाद वह मिक्चर मशीन के पीछे चक्के की चपेट में आ गई। महिला की मशीन के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं वाहन चला रहे बड़े बेटे को मामूली चोंट आई। हादसे के बाद ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा शुरू हो गई थी। पार्षद सुनील साहू की मां के हादसे में मौत होने की जानकारी मिलने के बाद मेयर मधुसूदन यादव भी मौके पर पहुंचे थे।

ज्ञात हो इससे पहले भी इस रुट पर कई दफा सड़क हादसे देखने को मिले है। प्लाई ओवर में सड़क हादसे को देखते हुए ही अस्थाई बेरीकेट लगाए गए है। इस रुट पर मालवाहको एवं बस के बेतरकीब तरीके से चलने के चलते भी हादसे की आशंका बने रहती है।

### वाहन छोड़ भागा चालक

हादसे के बाद मिक्चर मशीन का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया था। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और 112 वाहन की मदद से महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में पोस्टमार्टम के पश्चात दोपहर बाद मृतिका का अंतिम संस्कार किया गया।





### चालक गिरफ्तार

सड़क हादसे मामले में आरोपी वाहन चालक की गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है। वाहन थाना लाया गया है।

- उमेश बघेल, चिखली चौकी प्रभारी

## खबर संक्षेप

### शहर में आज जल यात्रा

**राजनांदगांव।** पृथ्वी में हो रही जल की कमी को देखते जिले में पानी बचाओ महाभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कल 11 जून को शहर में नगर निगम द्वारा जल यात्रा निकाली जाएगी। उक्त जल यात्रा पद्मश्री फुलबासन यादव के नेतृत्व में गायत्री मंदिर के पास से दोपहर 2.30 बजे निकलेगी। यात्रा का समापन गांधी सभागृह में होगा। समापन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जल बचाओ अभियान में शामिल होंगे। अभियान में सांसद संतोष पाण्डे सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि पृथ्वी पर स्वच्छ ताजे पानी की मात्रा दिन-प्रतिदिन घटती ही जा रही है। शहर के लोगों को अभियान से जोड़ने कल 11 जून को दोपहर 2.30 बजे गायत्री मंदिर से जल यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा गायत्री मंदिर से भारतमाता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक, जयस्तंभ चौक होते हुए गांधी सभागृह पहुंचेगी। महापौर यादव ने बताया कि जल यात्रा पद्मश्री फुलबासन यादव के नेतृत्व में महिला समूह की महिलाएं कलश एवं जल के महत्व को बताते तख्ती लेकर नगरवासियों से अभियान में जुड़ने अपील करेंगे। उन्होंने कहा कि जल यात्रा के समापन अवसर पर 4 बजे गांधी सभागृह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा सांसद संतोष पांडे सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### धरना प्रदर्शन आज

**राजनांदगांव।** अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग का राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन 11 जून को रायपुर में आयोजित किया गया है। आंदोलन को सफल बनाने समाज प्रमुख प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। अजाक्स के जिलाध्यक्ष डेविड भुआर्य एवं छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के जिला अध्यक्ष लेखराम मात्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ एवं सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में नौ सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। श्री भुआर्य व श्री मात्रा सहित प्रहलाद ठाकुर तथा पूरनलाल उईके सहित अन्य लोग आंदोलन के प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं।

## नियमों में बदलाव से राशन उत्सव प्रभावित, परेशान हो रहे हितग्राही

# ओटीपी के चक्कर में नहीं मिल रहा तीन माह का चावल, आधार लिंक कराने कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार द्वारा बारिश पूर्व जून, जुलाई और अगस्त माह का चावल एक साथ देने के लिए 1 जून से चावल उत्सव मनाया जा रहा है, लेकिन राशन वितरण के अचानक नियम में बदलाव से लोगों को समस्या होने लगी है। नए नियम में अब अंगूठे से नहीं, बल्कि मोबाइल में ओटीपी मिलने के बाद ही राशन का वितरण किया जा रहा है। तीन माह का राशन लेने हितग्राही के मोबाइल पर छह बार ओटीपी भेजी जा रही है। जिसके चलते प्रक्रिया पूरी करने, ओटीपी में हितग्राही उलझ रहे हैं। आलम यह है कि एक हितग्राही को ही राशन लेने में तीन गुना समय लग रहा है।

तीन माह का राशन वितरण करने और मोबाइल पर ओटीपी आने की प्रक्रिया के चलते राशन वितरण करने में काफी समय लग रहा है। जिसकी वजह से लोगों को परेशानी होने के साथ ही राशन दुकानों में भीड़ बढ़ रही है। पुरानी ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगाने का विकल्प समाप्त कर ओटीपी प्रक्रिया हितग्राहियों को रास नहीं आ रही है। वहीं राशन दुकान संचालकों को भी इस नई प्रक्रिया से राशन वितरण में समस्या हो रही है। कभी-कभी सर्वर का लिंक नहीं होने से भी ओटीपी नहीं आ पा रहा है। जिसके चलते समस्या सामने आ रही है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान में अलग-अलग योजना के तहत हितग्राही के मोबाइल में ओटीपी आने की प्रक्रिया अलग-अलग है। अंत्योदय कार्डधारी के लिए तीन ओटीपी चावल और एक ओटीपी शक्कर एवं नमक के लिए आ रहा है। वहीं एपीएल कार्डधारी के लिए तीन ओटीपी चावल के लिए और प्राथमिकता कार्डधारी के लिए छह ओटीपी आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर भेजा जा रहा है। चावल और नमक व शक्कर के लिए ओटीपी शामिल है।



### नंबर लिंक कराने लग रही भीड़

ओटीपी के बिना राशन नहीं मिलने को लेकर लोग अपने मोबाइल नंबर से आधार लिंक कराने पहुंच रहे हैं। इस दौरान च्वाईस सेंटर और नगर निगम एवं कलेक्टोरेट कार्यालय के लोक सेवा केन्द्रों में खासी भीड़ नजर आ रही है। यहां लंबी कतार लगी हुई है। लोगों को अपनी बारी का घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।



**बाजार से खरीदना पड़ रहा चावल :** आधार से मोबाइल नंबर लिंक नहीं होने और ओटीपी नहीं आने की वजह से कई परिवारों को राशन नहीं मिल पा रहा है। शहर के लखोली क्षेत्र निवासी शांतिबाई ने बताया कि उनका मोबाइल नंबर आधार से लिंक नहीं है, तो अब तक राशन नहीं मिला है। घर में चावल भी खत्म हो गया है। बाजार से चावल लेना पड़ा है।

### बिना मोबाइल परेशानी

राशन वितरण के लिए मोबाइल पर आने वाली ओटीपी बताने पर ही राशन वितरण हो रहा है। ऐसे में बिना आधार लिंक मोबाइल फोन लिए राशन दुकान जाने वाले हितग्राही को अपने घर पर फोन कर ओटीपी लेना पड़ रहा है, इसके बाद ही राशन मिल रहा है। जिसकी वजह से भी देरी हो रही है।

### एक माह में भी नहीं होगा वितरण

प्रतिदिन सुबह राशन दुकान में पुरानी प्रक्रिया से राशन वितरण में लगभग 100 हितग्राहियों को राशन का वितरण कर दिया जाता था, लेकिन अब इस नई प्रक्रिया के चलते एक दिन में महज 20-22 हितग्राहियों की प्रक्रिया ही पूरी हो रही है। ऐसे में एक माह के भीतर सभी हितग्राहियों को राशन बांटना संभव नहीं है।

# पेट्रोल पंप के करीब मृत अवस्था में मिला वृद्ध, क्षेत्र में सनसनी

## पुलिस मामले की जांच में जुटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पेट्रोल पंप के पास एक वृद्ध मृत अवस्था में मिला है। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मृतक की शिनाख्ति का प्रयास किया जा रहा है। वृद्ध के मृत मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत जीयो पेट्रोल पंप के पास दोपहर लगभग 12 बजे एक वृद्ध को मृत अवस्था में लोगों ने देखा। जिससे आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पुलिस को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को सोमनी सीएससी चिकित्सालय में भेजा गया है।। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### मृतक की शिनाख्ति नहीं

पुलिस के मुताबिक मृतक की शिनाख्ति नहीं हो पाई है। जिसकी उम्र लगभग 65-70 वर्ष है। मृतक के संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं मृतक की शिनाख्ति का प्रयास किया जा रहा है। मृतक सफेद शर्ट एवं नीला फुलपेंट पहना हुआ है। हल्की सफेद मूंछ व दाढ़ी है। पुलिस ने आम लोगों से अपील भी की है कि उक्त मृत व्यक्ति के संबंध में किसी को जानकारी हो तो वे थाना में संपर्क कर सूचना दे सकते हैं।

# नेताओं में खींचतान का असर: दो महीने बाद भी अटकी मंडल कार्यकारिणी

- जिले में भाजपा के सोलह मंडल अधिकांश की कार्यकारिणी जारी होना शेष
- जिला भाजपा की टीम अधूरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा ने अपने सभी मंडल अध्यक्षों की घोषणा मार्च महीने में कर दी थी। जिसके बाद संगठन विस्तार को लेकर काम शुरू कर दिया गया था। जिला संगठन ने सभी मंडल अध्यक्षों से पांच अप्रैल तक कार्यकारिणी बनाकर उपलब्ध कराने को कहा था। हालांकि जिले की चार मंडलों की कार्यकारिणी जारी कर दी गई है, लेकिन दो महीने बाद भी अब तक अधिकांश मंडल की कार्यकारिणी की सूची जारी नहीं हो पाई है।

भाजपा सूत्रों की माने तो पार्टी के आला नेताओं के बीच अपने समर्थकों के नाम जुड़वाने की खींचतान के चलते सूची का जारी होना अटका हुआ है। मंडल की कार्यकारिणी अटकी होने के कारण जिला कार्यकारिणी का भी विस्तार नहीं हो पा रहा है। जबकि प्रदेश स्तर से कार्यकारिणी बनाकर जारी करने के साफ निर्देश जारी किए जा चुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले के अधिकांश मंडल अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी तैयार करने के साथ ही उसकी प्रति जिला संगठन को सौंप दी है।

**चार महिला रखना जरूरी**

मिली जानकारी के अनुसार मंडल कार्यकारिणी के सेटअप में दो महामंत्री, एक कोषाध्यक्ष, चार उपाध्यक्ष एवं चार मंत्री यानि कुल मिलाकर इन 11 पदों में से कम से कम चार महिला को शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा मंडल कार्यकारिणी के 45 सदस्यों में से एक तिहाई यानि लगभग 15 महिलाओं को कार्यकारिणी सदस्य भी बनाना अनिवार्य रखा गया है। इसके अलावा एसटी, एससी व ओबीसी वर्ग से भी कार्यकर्ताओं को रखने का मापदंड तय कर दिया गया है। इन सेटअप के तहत नेताओं को कार्यकारिणी में फिट करने में भी दिक्कतें आ रही है।

### मंडल के बाद जिले की बारी

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंडल की कार्यकारिणी जारी होने के बाद जिला संगठन के विस्तार पर मंथन शुरू किया जाएगा। बताया गया कि जिला संगठन में अध्यक्ष एवं एक महामंत्री की ही नई नियुक्ति हुई है। ऐसे में शेष सभी पदों को लेकर नए लोगों के साथ ही पुराने वफादार कार्यकर्ताओं को अवसर देने का काम किया जाएगा। सभी मंडल की कार्यकारिणी जारी होने के बाद महीनेभर के भीतर जिला कार्यकारिणी की सूची भी जारी कर दी जाएगी।

# छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** महिला से छेड़छाड करने एवं पीड़िता के पति व दादा के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 8 जून को प्रार्थिया ने थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम बुद्धुभरदा निवासी मनीष यादव द्वारा बुरी नियत से प्रार्थिया का हाथ पकड़कर गाली-गलौज किया, जब उसका पति यहां आया तो उसका गला दबाने की कोशिश किया। यह बीच-बचाव हेतु ग्रामीणों को बुलाई तो इसके दादा को राड से मारकर उसका सिर फोड़ दिया। जिससे वह लहुलुहान हो गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना लालबाग में धारा 74, 296, 115(2), 351(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में विवेचना के दौरान आहतों को आई चोंटो का मुलाहिजा कराया गया। आरोपी मनीष यादव उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम बुद्धुभरदा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने से आरोपी को 9 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# विरोध में कांग्रेस ने घेरा बीईओ कार्यालय



**राजनांदगांव।** प्रदेश सरकार द्वारा 10 हजार से अधिक स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के तहत इन स्कूलों को बंद करने की योजना को लेकर कांग्रेस ने आज धरना प्रदर्शन करते विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया। अपने प्रदर्शन में कांग्रेस के वक्ताओं ने संबोधित करते कहा कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर किए रोजगार विरोधी नीति अपनाकर प्रदेश सरकार हजारों युवाओं को बेरोजगार कर रही है। प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर आज कांग्रेस कमेटी द्वारा शिक्षा-न्याय आंदोलन के तहत स्थानीय कमला कॉलेज के समीप धरना प्रदर्शन करते रैली के शक्ल में बीईओ कार्यालय का घेराव करने निकले। इस दौरान पुलिस ने उन्हें बेरिकेट लगाकर रोका। अपने प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

### वरिष्ठ नेताओं ने किया संबोधित

सभा को संबोधित करते वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन ने कहा कि भाजपा सरकार हर क्षेत्र में प्रदेश की जनता को छलने का प्रयास कर रही है। युक्तियुक्तकरण कर 6000 शिक्षकों की भर्ती को समाप्त कर रही है। वहीं स्कूलों में काम करने वाले मध्यान्ह भोजन, रसोईया, भृत्य व अन्य कार्य कर रहे लोगों को भी हटाया जा रहा है। वहीं जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू भाजपा सरकार पर हमला बोलते कहा कि छत्तीसगढ़ में प्राइमरी स्कूलों में 21 छात्रों के बीच एक शिक्षक है, इन अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और इसी तरह मीडिल में 26 छात्र प्रति शिक्षक के रेसियों से बढ़ाकर 35 छात्र प्रति शिक्षक किया जा रहा है। जिससे शिक्षकों के एक तिहाई पद खत्म हो जाएंगे।

## अंचल में अब तक महज 11 मिमी ही बारिश, सामान्य से बेहद कम

# अगले एक सप्ताह में अंचल तक पहुंचेगा मानसून!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले दस दिनों से सूखे के चलते गर्मी झेल रहे अंचलवासियों के लिए राहतभरी खबर है। बस्तर संभाग में अटके हुए मानसून के अब आगे बढ़ने की संभावना जताई गई है। अगले एक सप्ताह के भीतर मानसून अविभाजित राजनांदगांव जिले में दस्तक दे सकता है। इधर मानसून के सक्रिय होने के साथ ही अधिकतम तापमान में भी गिरावट का दौर शुरू होगा। हालांकि अब तक जून में जिले के भीतर सामान्य से लगभग 70 फीसद कम बारिश देखने को मिली है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में भी मानसून के सक्रिय होने के हालात निर्मित हो रहे हैं। विभाग के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए 14 जून से अनुकूल परिस्थितियां बन रही है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तरप्रदेश से पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी तक, उत्तर मध्यप्रदेश, दक्षिण छत्तीसगढ़, और मध्य उड़ीसा होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर उड़ीसा और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। हवा का एक शियर जोन 15 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ 65 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है।

### खास बातें

- 13 से 15 जून के मध्य दस्तक दे सकता है अंचल में मानसून
- सामान्य के मुकाबले अब तक महज 11 फीसदी ही बारिश दर्ज
- अब सुधरेंगे हालात



### अब बदलेगा मौसम का हाल

प्रदेश में कल 11 जून को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। हालांकि मौसम विभाग की माने तो जून का ट्रेंड यही रहा है। शुरूआती 10 से 12 दिन गर्मी बढ़ती है। इसके बाद बंगाल की खाड़ी या अरब सागर में बनने वाले लो प्रेशर एरिया या चक्रवातों के चलते मानसून सक्रिय हो जाता है। इस बार भी ऐसा ही होने की उम्मीद है। अब तक की बात करें तो राजनांदगांव जिले में सामान्य से लगभग 80 फीसदी कम बारिश देखने को मिली है।

## माए एंगल




## खबर संक्षेप



### शिविर में 55 के दांत का उपचार

**मुसरा।** मुसरा में अजीज पब्लिक स्कूल एवं छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आईबी ग्रुप के चेयरमैन बहादुर अली के जन्मदिवस के मौके पर निः शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 55 लोगों ने विधिवत चेकअप कराकर निःशुल्क दवाइयां प्राप्त की। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्राथमिक जांच कराया। अजीज पब्लिक स्कूल के जीवेश द्विवेदी ने बताया कि शिविर के आयोजन का उद्देश्य लोगों में दंत के प्रति जागरूक करना था। शिविर में डॉ सूरज मुल्तानी, डॉ अनिरुद्ध खेदुलकर, ऋषिका अग्रवाल, ऋषिता पटनायक, रिया बेहरा, संस्कार गुप्ता, कुणाल नहर, विष्णु सहाय, सादफ सईद, खिलेश पटेल, नोहर वैष्णव, सरपंच, सचिव सहित अन्य शामिल हुए।

### ट्रैक्टर में दबने से चालक की मौत



**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत जंगलपुर के आश्रित ग्राम खैरानवापारा में सोमवार को ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौके पर मौत हो गई। जानकारी अनुसार राजेंद्र मेरावी पिता चिंताराम मेरावी निवासी मगरकुंड में खेत जोतकर लौट रहा था। खेत से बाहर निकलने के दोरान खेत की मेढ के ऊंचा होने के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना इतनी खतरनाक थी कि ट्रैक्टर के चारों पहिये ऊपर उठ गए और राजेंद्र ट्रेक्टर के नीचे दब गया। लोगों ने काफी मशक्कत कर शव को बाहर निकाला। गंडई स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

### तृप्ति का सुयश



**अंबागढ़ चौकी।** कौड़ीकसा हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा तृप्ति भारद्वाज ने 10 वीं परीक्षा में 94.33 प्रतिशत अंक से सफलता हासिल किया है। इस उपलब्धि से तृप्ति के माता निरुपमा एवं पिता कमल भारद्वाज बेहद प्रसन्न है। प्राचार्य बीना साहा ने तृप्ति को बधाई दिया है।

### डायलिसिस सेवा आरंभ

**मोहला।** जिले में स्वास्थ्य सेवा का विस्तार करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एसआर मंडावी ने मानपुर में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायलिसिस सेवा यूनिट का विधिवत शुभारंभ किया। डायलिसिस सेवा के आरंभ होने से क्षेत्र के मरीजों को काफी लाभ होगा।

---

### सालों से आवाजाही के लिए परेशान हो रहे ग्रामीण

# गांव तक पहुंचने सड़क नहीं, नहर पार से सफर करने की मजबूरी

## वन भूमि बनी सड़क निर्माण में बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत खैरबना के आश्रित ग्राम गुमानपुर वासी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। लंबे समय से मांग के बाद भी पक्की सड़क का सपना एक सपना बन कर रह गया है।

एक हजार आबादी वाले इस गांव तक पहुंचने के लिए अब तक सड़क नहीं बन पाई है। ग्रामीण नाला के पार से आना जाना करते हैं। ग्रामवासी कई दफा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों से पक्की सड़क बनाने की मांग कर चुके है पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। नहर वाले मार्ग से छोटे बड़े वाहनों के लगातार चलने से गड्ढे हो गए है। एक किलोमीटर की नहर वाले रास्ते में सैकड़ों गड्ढे होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।



**प्रयास करेंगे**

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने ग्रामीणों की मांग को जायज और सड़क निर्माण आवश्यक बताया है। उन्होंने कहा कि लोगों को सुविधा उपलब्ध करना सरकार का दायित्व है। सरकार का ध्यान आकर्षित एवं विभागीय अधिकारी से बात कर इस दिशा में पहल की जाएगी।

**वन भूमि में निर्माण की अनुमति नहीं**

ग्रामीणों ने बताया कि तीन साल पहले गुमानपुर से कुकुरमुड़ा चौक तक पक्की सड़क बनने का प्रस्ताव पास हुआ था। पक्की सड़क वन भूमि से होकर गुजर रही थी। वन विभाग से अनुमति नहीं मिलने के कारण निर्माण स्थगित हो गया। ग्रामीणों ने पक्की सड़क निर्माण की मांग की है।

**बारिश के दिनों में परेशानी**

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में इस मार्ग का सफर करना जानलेवा हो जाता है। गड्डो में पानी भरे रहने से वाहन चालकों को गड्ढे का अंदाजा नहीं होता और वह हादसे का शिकार हो जाते हैं। नहर पार के एक तरफ नहर तो दूसरी तरफ खाई नुमा गड्ढा परेशानी का कारण बना हुआ है। इस गांव तक पहुंचने के लिए खैरबना होकर एक मार्ग बना हुआ है जो काफी लंबा है। ग्रामीण मुख्य तौर पर ब्लाक मुख्यालय छुईखदान आना जाना कुकुरमुड़ा चौक से करते हैं। सड़क नहीं होने से अतरिया, छुईखदान में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को इसी परेशानी भरे मार्ग से गुजरना पड़ता है।

---

# पगडंडी से गांव पहुंचे छुरिया जनपद अध्यक्ष

## ग्रामीणों की समस्याओं को सुना



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ग्राम पंचायत रानामटिया के आश्रित ग्राम छिंदराव में अब तक कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा था। ग्रामीणों ने बताया कि विकास के नाम पर गांव में एक सोलर पानी टंकी, आंगनबाड़ी, 100 मीटर सीसी रोड बनी है। छिंदराव के ग्रामीणों ने जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा को अपने गांव आने का जनपद सदस्य जैमून बाई कंवर के माध्यम से आमंत्रित किया था। ग्रामीणों के आग्रह को स्वीकार कर श्री सिन्हा और जनपद सदस्य जैमुन बाई कंवर गत दिनों छिंदराव पहुंचे। उनके आने की खबर मिलने पर पथरा नवागांव के आगे चौक पर ग्रामीण जमा हो गए थे। यहां से सभी पगडंडी के रास्ते पैदल गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में किसी की तबियत खराब हो जाए तो उसे चारपाई से रोड तक लाना पड़ता है तब एंबुलेंस मिलती है।

**ब्याह में दिक्कत**

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में पंद्रह से बीस आदिवासी परिवार है। आवागमन का साधन नहीं होने से बेटा बेटियों के विवाह में दिक्कत आती है। ग्रामीणों ने सनबोरा जलाशय निचले हिस्से में रोड निर्माण कराने की मांग रखा साथ ही बताया कि बांध के निचले हिस्से में वन विभाग की जमीन है। इस दौरान श्री सिन्हा ने खुज्जी रेंजर भंडारी से बात कर वनमार्ग को व्यवस्थित करने कहा है। श्री भंडारी ने उक्त मार्ग को वन मार्ग में परिवर्तित करने के बारे में जानकारी देते हुए सरपंच को आवश्यक दस्तावेज तैयार करने कहा।इस अवसर पर गोपीराम अंधिया, भीषम शोरी सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

---

# दुकानों के आबंटन में गड़बड़ी की शिकायत



- पार्षद और करीबियों को आबंटित कर दिया दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रेल्वे चौक पर दुर्गा मंदिर के पास मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना के तहत बनी दुकानों को नियम विरूध्द आबंटित करने का मामला प्रकाश में आया है। इस आशय की शिकायत ऋषभ लारोकर पिता अशोक लारोकर निवासी वार्ड 13 ने करते हुए जांच कर आबंटन करने वाले तत्कालीन अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि2012 में तत्कालीन एसडीएम जयप्रकाश मौर्य ने सड़कों के आसपास अव्यवस्थित ढंग से लगने वाली फल दुकानो को व्यवस्थापन करने आवेदन मंगाया था। दुर्गा मंदिर के सामने बनाये गये मार्केट की दुकानों के लिए 53 लोगों ने आवेदन दिया था।

आवेदन देने के 11 साल बाद नवंबर 2023 में पार्षद एवं तत्कालिन नगर पालिका अधिकारी ने नियम को दरकिनार कर दुकान का आबँटन पार्षद के परिजन, पार्शद और सीएमओ ने अपने करीबियों को आबंटित कर दिया। जिन्हे दुकान दिया गया है उसमें से किसी नेीाी पूर्व में फ्रुट मार्केट के लिए आवेदन नहीं दिया था।

**आबंटन के बाद राशि जमा नहीं**

शनि मंदिर के पास बनाई गई दुकानों को लगभग 3 साल के बाद आबंटित कर दिया गया किन्तु क्रेताओं ने अब राशि नगर पालिका में जमा नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले नवरात्रि के दौरान मेला ग्राउंड में फुटकर व्यापारियों को दुकान आबंटन की आड़ में उगाही करने का मामला सामने आया था। वहीं करोडों खर्च कर बनाई गई दुकानों का आबंटन अब तक नहीं किया गया जबकि नीचे मंदिर से सतबहनी मार्ग तक कई लोग अवैध कब्जा करने के बाद दुकानें बनाकर व्यापार कर रहे है। वहीं पालिका की दुकानें जर्जर अवस्था में पड़ी है। शनि मंदिर की दुकानो को लेकर प्रभारी महेन्द्र करसे ने बताया कि दुकानों का प्रीमियम तो दूर दुकानदार किराया भी नहीं दे रहे हैं। नोटिस जारी करने के बाद भी दुकानदार व्यवसाय का संचालन कर पालिका पर रजिस्ट्री करने का दबाव बना रहे है।

---

# कबड्डी स्पर्धा में मोहगांव टीम विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी


ग्राम में युवा पलटन समिति एवं ग्रामवासियों ने गत दिनों रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन राम मंदिर प्रांगण में किया।मुख्य अतिथि जिपं सदस्य विभा साहू थी। अध्यक्षता जनपद सदस्य रेशम साहू ने की। विशेष अतिथि सरपंच ललिता साहू, रामेश्वर साहू थे। अतिथियों ने गाँव के युवा नवदित्य राजपूत कोबरा कमांडो को मोमेंटो एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का समापन मैच मोहगांव और जेवरतला टीम के बीच हुआ। प्रथम स्थान पर मोहगांव टीम रही।उप विजेता का खिताब जेवरतला टीम ने हासिल किया। तृतीय चौकी और चतुर्थ स्थान पर भोड़िया की टीम रही। इस अवसर पर फेरूराम इंदौरिया, भैयालाल साहू, लविन्द्र साहू, देवेंद्र साहू, नागेश धनकर, विजय जैन, यशवंत साहू, जनक साहू, संजय सोनी, मुकेश शर्मा, थलज देवांगन, हेमनाथ सोनकर, डेमन धनकर, प्रशांत साहू, रवि साहू, सिद्धु धनकर, दुर्गेश धनकर, रोहित साहू, आकाश ठाकुर, गौरव साहू, करण धनकर, अकाश साहू, अमन साहू, शिवम साहू, करन साहू, दीपक साहू, उज्जवल साहू, देवेंद्र इंदोरिया, राहुल देवांगन, फ़िरोज़ निषाद, भावेश सातपुते, समर साहू, शैलेश धनकर आदि उपस्थित थे।

---

# प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के निर्देशानुसार बीए, बीकॉम, बीएससी (बायो एवं मैथ्स) तथा डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश हेतु आगामी 15 जून तक आनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अमहाविद्यालयीन विद्यार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है। प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों में नियमित प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक आनलाइन आवेदन पोर्टल के माध्यम से कर सकते है। आगामी 16 जून को प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर प्राप्तांको एवं आरक्षण नियमों के आधार पर प्रथम सूची जारी की जाएगी। सूची में नाम आने पर संबंधित विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन फार्म की हार्डकॉपी और जरूरी दस्तावेज जैसे - कक्षा 10 वीं, 12 वी की अंकसूची की छायाप्रति, जाति, निवास एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय में आकर निर्धारित काउंटर में शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त कर सकते है।



**कॉलेज में बेहतर सुविधाएं**

डॉ. रेवती ने बताया कि बीए प्रथम सेमेस्टर में 330, बीकॉम में 180, बीएससी बायो में 200, बीएससी गणित में 150 तथा डीसीए प्रथम सेमेस्टर में 50 सीट स्वीकृत है। छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रास, स्वीप, क्रीड़ा गतिविधियों, योगा आदि की सुविधा भी उपलब्ध है। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु विभागीय गतिविधियों के साथ कौशल विकास एवं रोजगार मागदर्शन हेतु कौशल विकास कार्यक्रम तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

---

# अतिक्रमण दस्ता ने हटाया ठेला व झोपड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में अतिक्रमण कर ठेला-खोमचा एवं पसरा लगाने वालों को समझाईस देने व हटाने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित दस्ता निरीक्षण कर समझाईस देकर हटाने की कार्रवाई कर रही है। अतिक्रमण दस्ता द्वारा शुक्रवार को बसंतपुर जिला चिकित्सालय के सामने से 5 ठेला एवं 2 झोपडी हटाया गया।



शहर के चौक-चौराहा एवं रोड में अतिक्रमण कर अनाधिकृत रूप से पसरा एवं ठेला खोमचा लगाकर व्यवसाय किया जाता है। जिससे यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जिसे ध्यान में रखकर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत पसरा हटाने तथा ठेला खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिए। निगम का दस्ता कार्रवाई कर रही है। बसंतपुर जिला चिकित्सालय के सामने ठेला एवं झोपडी शेड बनाकर होटल, फल, पान आदि व्यवसाय किया जा रहा था, जिसे हटाने समझाईस दी गई थी। समझाईस उपरांत भी नहीं हटाने पर निगम का अमला द्वारा 5 ठेला एवं 2 झोपडी शेड हटाया गया और 3 ठेला स्वयं हटाने कहा गया। इसी प्रकार शहर के अन्य क्षेत्रों में यातायात बाधित करने वाले तथा नाली के उपर रखे ठेला खोमचा समझाईस उपरांत हटाया जा रहा है।

आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा है कि शहर के चौक-चौराहों एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगाएं। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसी प्रकार नाली के उपर अतिक्रमण करने से बारिश के मौसम में पानी भरान की स्थिति निर्मित होती है। उन्होंने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्रवाई करेगी, उससे पूर्व हटा लें अन्यथा बिना सूचना के हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

---

### पुण्यतिथि पर व्याख्यान माला का आयोजन

# लोक संगीतकार साव को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

लोक संगीतकार खुमान साव की 6 वीं पुण्यतिथि खुर्सीटिकुल में खुमान साव संगीत अकादमी और शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव के संयुक्त तत्वावधान में मनाई गई। खुमान साव संगीत अकादमी के संस्थापक गोविंद साव के संयोजन में आयोजित व्याख्यानमाला में मुख्य अतिथि प्रभात तिवारी अध्यक्ष प्रगतिशील लेखक संघ राजनांदगांव थे।अध्यक्षता साहित्यकार कुबेरसिंह साहू ने की।



उक्त मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि खुमान साव ने छत्तीसगढ़ी लोक संगीत को एक नई दिशा दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ की माटी का मान पूरे देश में बढ़ाया। अध्यक्षता कर रहे श्री साहू ने कहा कि श्री साव बहुत अनुशासनप्रिय शख्स थे। वह बाहर से जितने कठोर दिखते थे किन्तु अंदर से बहुत नरम थे। कलाकारों की भूल को भी इस तरह बताते थे कि उनको अपनी गलती का अहसास हो जाये और बुरा भी न लगे। उन्होंने संगीत साधना से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की खुशबू को बिखेरने में महती योगदान दिया। कवि वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि खुमान साव कला के पारखी थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ी लोक संगीत में अपनी मौलिकता से परचम लहराया। शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव के अध्यक्ष महेंद्र कुमार बघेल ने कहा कि खुमान साव जैसी शख्सियत का सान्निध्य मिलना साकेत साहित्य परिषद के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर ओमप्रकाश साहू, गोविंद साव, डा इकबाल खान, केशवराम साहू, जीवनलाल साव, मोहित साव, रोहितकुमार तारम, मुरलीशरण दास वैष्णव ने भी संबोधित करते हुए श्री साव के योगदान का स्मरण किया। श्री तारम ने लोकगायकी से शमा बांधा।

इस अवसर पर अनिल कसेर, मनीष साहू, गोवर्धन परतेती, मुकेश शुक्ला, सुषमा शुक्ला, जसवंत मंडावी, कन्हैयालाल मेश्राम, डोहरदास साहू ने गीतों और कविताओं के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित किया। अंत में आभार व्यक्त गोविंद साव ने किया। कार्यक्रम में दीपक राजू, सुनील साव, गुणेन्द्र साव, विवेक साव, गणेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# रेलवे ने किया लोगों को जागरूक



**डोंगरगढ़।** पांचपावली लेवल क्रासिंग फाटक क्रमांक 570, 572 में मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता की उपस्थिति और नागरिक सुरक्षा अधिकारी आरके देवांगन के नेतृत्व में स्काउट एवं गाइड ने नुक्कड़ नाटक का मंचन करते हुए जागरुकता अभियान सप्ताह का समापन किया।

अंतरराष्ट्रीय रेल समपार जागरुकता अभियान 3 से 9 जून तक नागपुर मंडल में सुरक्षा विभाग द्वारा मनाया गया। सिविल डिफेंस टीम के माध्यम से नागपुर मंडल के समपार लेवल क्रासिंग पर जाकर लोगों को सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि जब भी लेवल क्रासिंग पार करें तो रुकें और दाएं बाएं देखने के बाद ही पार करें। रेलवे ट्रैक, लेवल क्रासिंग पार करते समय ईयर फोन का उपयोग न करें।

इस अभियान में आरके लोहिया,देवेन्द्र बी उईके, संतोष ठाकुर, आलोक कुभंरे, एन शुक्ला, गुरनानी, आरपीएफ, स्काउट- गाइड और अन्य रेलवे कर्मचारियों ने भाग लिया। मंडल रेल प्रबंधक एवं नागरिक सुरक्षा अधिकारी ने सिविल डिफेंस के उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा करते हुए 5000 देने की घोषणा किया।

---

**स्कूल बसों की जांच 12 को : राजनांदगांव।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार जिला सुरक्षा समिति अंतर्गत एवं स्कूल सत्र शुरू होने के पूर्व स्कूल बस के रूप में पंजीकृत सभी स्कूल बस वाहनों की 16 बिंदुओं तथा वीएलटीडी एवं पैनिक बटन की जांच 12 जून को सुबह 9 बजे से पुलिस रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में की जाएगी।



## सार समाचार

### आज सद्गुरू कबीर का 627वां प्राकट्य उत्सव



**राजनांदगांव।** नंदई में कल 11 जून को सद्गुरू कबीर का 627वां प्राकट्य उत्सव मनाया जा रहा है। पंथ श्री प्रकाशमुनि नाम साहेब की कृपा से महंत अमरदास गुरूजी ग्राम हालेकोसा द्वारा सत्संग भजन मंडली के सानिध्य में सत्संग, प्रवचन, भजन एवं सात्विक चौका आरती कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें महापौर मधुसूदन यादव और छत्तीसगढ़ पर्यटक मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा समेत कोमल सिंह राजपूत व शहर के गणमान्य नागरिक एवं कबीर भक्तजन शामिल होंगे। उक्त जानकारी सदगुरू कबीर समिति नंदई आयोजन समिति के प्रचारक भागवत साहू एवं विजय साहू ने दी।

### विकास कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम आमगांव कु. में सर्व समाज के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख 50 हजार रुपए एवं डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बेंदरकट्टा में मुख्य रोड से शीतला मंदिर तक सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख 20 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को नियमों व प्रावधानों का पालन करते समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए हैं।

### पर्यावरण दिवस पर अतिथियों को पौधों का वितरण

**राजनांदगांव।** सोहनलाल गुप्ता परिवार द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिए एक पहल की गई। सोहनलाल गुप्ता के छोटे सुपुत्र सूरज गुप्ता एवं खुशबू के विवाह उपलक्ष्य में विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के लिए गुप्ता परिवार ने पहल की। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को हराभरा रखना है।



गुप्ता परिवार द्वारा अतिथियों को रिटर्न उपहार में पर्यावरण को हराभरा रखने 500 निःशुल्क बीजयुक्त सीड बॉल एवं 100 पौधे रिटर्न उपहार के रूप में प्रदान प्रदान किए गए। जिसमें अनेक प्रकार के बीजयुक्त सीड बॉल फलदार जामुन, इमली, आम, आंवला, अमरूद, चीकू, पपीता व अनेक प्रकार के पौधे, फूलदार, फलदार रिटर्न उपहार स्वरूप अतिथियों को भेंट किए गए। जानकारी जिला पर्यावरण सह-संयोजक सूरज गुप्ता ने दी।

### आयुक्त ने किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** नगर निगम का वार्ड भ्रमण अभियान प्रतिदिन जारी है। भ्रमण में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा प्रातः साफ-सफाई एवं वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण की कड़ी में उन्होंने ममता नगर क्षेत्र में साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य का जायजा लेकर निर्माण में तेजी लाकर जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त विश्वकर्मा 18 एकड़ एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर सेंटर में साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्था सुचारू रूप से होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने स्वच्छता दीदीयों से कहा कि घर में ही कचरा पृथक करने लोगों को समझाईस दें एवं शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करें। उन्होंने ममता नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था देख सड़क में मलमा व निर्माण सामग्री रखने पर मलमा मंडप के तहत कार्रवाई करने कहा। इसके अलावा मोतीपुर रेलवे लाइन के किनारे कचरा उठाने एवं नाला सफाई कराने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। आयुक्त विश्वकर्मा विकास कार्यों के निरीक्षण में एसएलआरएम सेंटर में पीठ निर्माण कार्य में तेजी लाकर बारिश के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए।



### जलकर वसूली में अनियमितता

**अंबागढ़ चौकी।** ग्राम पंचायत भड़सेना में जलकर वसूली में अनियमितता करने और बिना रसीद के राशि वसूल करने की जानकारी मिली है। इस संबंध में ग्रामीणों ने जनपद के सीईओ से शिकायत किया था जिस पर उन्होंने कमेटी का गठन करते हुए जांच प्रतिवेदन पेश करने के निर्देश दिया था। करारोपण अधिकारी श्री सेन एवं श्री नेताम ने गत 9 जून को भड़सेना पहुंचकर शिकायत की जांच किया। उन्होंने जांच में पंचायत सचिव द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी को गलत पाया। पंचायत सचिव ने गलती स्वीकार करते हुए ग्रामीण जनों से माफी मांगा। ग्रामीणों ने दोबारा गलती नहीं करने और जनता की साथ अभद्र व्यवहार एवं पक्षपात नहीं करने कहा। उन्होंने दोबारा गलती करने पर उचित कार्यवाही करने कहा।

## नक्सली हमले में शहीद आकाश राव को दी श्रद्धांजलि

# एक पेड़ मां के नाम अभियान, जिले भर में किया जाएगा सघन पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने सुकमा जिले में नक्सली हमले में शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

कलेक्टर भुरे ने कहा कि इस वर्ष सघन पौधरोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान से किया जाएगा। उन्होंने पौधरोपण के लिए गड्ढे बनाने, खाद की व्यवस्था एवं अन्य तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन विभाग से पौधे लेकर पौधरोपण किया जाएगा। कृषि विभाग को बाड़ी एवं मेड़ में पौधे लगाने कहा। उन्होंने कहा कि पौधों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग होना चाहिए। इसके साथ ही पर्याप्त देखरेख करने की आवश्यकता है।

उन्होंने राजनांदगांव शहर सीमा में शासकीय भूमि के संबंध में जानकारी ली तथा सभी विभागों को जमीन की आवश्यकता के संबंध में चर्चा की। बारिश के मौसम में डायरिया पीलिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों से सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक निर्देश दिए।



जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि डायरिया एवं पीलिया जैसे बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वच्छता त्यौहार में सभी की सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के संबंध में जानकारी दी।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगढ़ श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### योजना का लाभ दिलाने लगेंगे शिविर

कलेक्टर ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में खेल विभाग, आयुष, जिला शिक्षा, समाज कल्याण एवं अन्य सभी विभाग कार्यक्रम में शामिल होंगे। योग दिवस के इस आयोजन में सामाजिक संस्थानों को भी जोड़ना है। कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा के दृष्टिगत व्यवस्था तथा आयुष विभाग का स्टाल लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 15 से 30 जून तक धरती आबा जनभागीदारी अभियान अंतर्गत राष्ट्रव्यापी जागरूकता एवं जनजाति परिवारों को शासन की योजना का लाभ दिलाने शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में राजस्व एवं विकसित कृषि संकल्प अभियान संचालित है तथा धरती आबा शिविर 15 जून से संचालित होगा, जिसे प्राथमिकता से करना है।

### बास्केटबाल कोर्ट में लाईटिंग के निर्देश

कलेक्टर भुरे ने जिले में खाद-बीज की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि खेती किसानी को ध्यान में रखते किसान खाद-बीज का अग्रिम उठाव कर रहे हैं। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज की आपूर्ति करना सुनिश्चित करें। जिला हास्पिटल के निर्माणाधीन कार्यों में गति लाने सीजीएमएससी को निर्देश दिए। दिग्विजय स्टेडियम में बास्केटबाल कोर्ट में लाईट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि चावल उत्सव अंतर्गत राशन सामग्री वितरण का कार्य अच्छी तरह होना चाहिए।

## कैलाश नगर में ईडी ने किया पौधरोपण



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत कैलाश नगर स्थित विद्युत कार्यालय परिसर में राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट के मुख्य आतिथ्य में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विद्युत कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। इस परिसर में उच्चाधिकारियों द्वारा छायादार व फलदार वृक्ष आंवला, जामुन, करंज, अमरूद, नीम सहित अन्य पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने कहा कि पेड़-पौधे जलवायु को सुरक्षित रखकर ग्लोबल वार्मिंग से बचाती है। पौधे लगाना ही हमारा दायित्व नहीं है, बल्कि इनकी सुरक्षा और संवर्धन हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने अधिक से अधिक फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए जाना चाहिए।

## संकल्प से सिद्धि : 21 तक बूथ स्तर तक होंगे आयोजन

**राजनांदगांव।** भाजपा द्वारा देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 11 साल बेमिसाल संकल्प से सिद्धि पखवाड़ा कार्यक्रम मानने का रही है। इसी कड़ी में जिला भाजपा द्वारा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के नेतृत्व में वृहद कार्यशाला का आयोजन जीई रोड स्थित भाजपा कार्यालय में किया गया। भाजपा संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत भाजपा 9 से 21 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है।

इसी कड़ी में मंगलवार को जिला भाजपा ने कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी उपस्थित रहे। कार्यशाला को प्रदीप गांधी, राजेन्द्र गोलछा, रविन्द्र वैष्णव ने भी संबोधित किया।

### पहलगाम के जवाब ने बढ़ाया गौरव

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने कहा कि 11 वर्ष के मोदी शासनकाल में सर्वाधिक गौरव का अवसर तब रहा, जब पहलगाम के जवाब में भारत ने 11 आतंकवादी ठिकानों पर एक साथ मात्र 22 मिनट में स्वदेशी मिसाइल के माध्यम से आतंकवादियों को आपरेशन सिंदूर के माध्यम से नेस्ताबूत कर दिया।

### संकल्प सिद्धि करने जुटे कार्यकर्ता

मुख्य वक्ता प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि संकल्प का जब ध्यान आता है तो रावी नदी के तट पर संकल्प लिया गया था, जिन्होंने रावी का जल उठाकर संकल्प लिया था कि हम स्वतंत्रता सहित अपने विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेंगे, यह हमारा प्रण है। आज हम उस ओर आगे बढ़ रहे हैं और दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर दुनिया की सबसे समृद्ध और विकसित सेना बन रहे हैं।

### जून माह में होंगे कई आयोजन

महामंत्री रामजी भारती ने बताया कि संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत 13 जून को सभी जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। 12 से 14 जून तक सभी मंडलों में मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की जाएगी। 15 से 17 जून तक वार्ड, शक्ति केंद्र, बूथ स्तर पर चौपाल कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें सभी कार्यकर्ता प्रशिक्षित होंगे। 21 जून को वार्डों में योग दिवस का कार्यक्रम मनाया जाएगा। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक वृक्षारोपण, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम जैसे अनेक कार्यक्रम होंगे। 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में बूथ स्तर तक मनाई जाएगी। 25 जून आपातकाल की बरसी पर जिला स्तर पर सेमिनार आयोजित किया जाएगा।

## अध्यक्ष शर्मा का स्वागत



**डोंगरगांव।** पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा एक दिवसीय प्रवास पर नगर पहुंचे। रेस्ट हाऊस ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ता ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा किया। भाजपा नेत्री हिना जैन ने भी श्री शर्मा से मुलाकात कर आत्मीय स्वागत किया। श्रीमती जैन ने उम्रदराज अविवाहित लकड़ियों की दिक्कतों का जिक्र करते हुए उन्हें महतारी वंदन योजना में शामिल करने का सुझाव रखा। उन्होंने बताया कि सभी समाज में ऐसी लड़कियां है जिनकी उम्र अधिक हो चुकी है और उनका विवाह नहीं हुआ है। इन लड़कियों के पास आय का साधन भी नहीं है जिससे उन्हे आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। उन्हे आर्थिक रूप से समक्ष बनाने के लिए महतारी वंदन योजना में शामिल करने के लिए समुचित पहल करने का आग्रह किया। श्री शर्मा ने सुझाव की सराहना करते हुए कहा कि इस विषय को शीघ्र ही संगठन और मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे।

## आपराधिक गतिविधियों पर पुलिस ने कसी नकेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

केसीजी जिले में पुलिस ने असमाजिक तत्वों पर कार्यवाही अभियान तेज कर दिया है। सप्ताह भर में शराब ,गांजा, पशुक्रुरता सहित अन्य मामलो में आरोपियों पर कार्यवाही की है जिससे असमाजिक तत्वों में हडकम्प मचा हुआ है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा के निर्देश पर जिला केसीजी पुलिस ने अपराधिक गतिविधियां रोकने तेजी के साथ अभियान चलाया है। 2 जून से 8 जून तक विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

### गांजा के तीन प्रकरण

पुलिस के अनुसार सप्ताह भर में पुलिस ने जिले में 36 (च) के 33 प्रकरण, 36 (सी) के 29 प्रकरण, 34 (1) (क) के 1 प्रकरण में 4 वल्क लीटर शराब जप्त कर 72 आरोपियों पर कार्यवाही की , अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के मामले में छुईखदान थाना क्षेत्र में 2 प्रकरण में 2 आरोपियों पर एवं खैरागढ थाना क्षेत्र में 1 प्रकरण में 1 आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई है।

### पशुक्रूरता

इसी तरह गातापार थाना क्षेत्र अंतर्गत क्रुरता पूर्वक व्यवहार कर 9 मवेशियों को बिना चारा पानी दिए वाहन में अवैध रूप से ले जाते पाये जाने पर मामला दर्ज करा पांच आरोपियों पर कार्यवाही की गई, जिले में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में बीएनएसएस की धारा 170/126, 135 (3) के तहत 11 प्रकरण में 18 व्यक्तियों पर और धारा 126, 135 (3) के तहत 22 प्रकरण में 28 व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई है।

### मोटर व्हीकल एक्ट पर कार्रवाई

कोटपा एक्ट के तहत सार्वजनिक रूप से धूम्रपान करते पाए जाने पर 5 लोगो पर कार्यवाही कर कुल 1000 रूपये का अर्थदंड लगाया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 269 प्रकरणों में कुल 100200 रूपये का समन शुल्क लगाया गया। पुलिस के अभियान से नशीले पदार्थ की तस्करी व बिक्री करने वालो सहित असमाजिक तत्वों में हडकम्प मचा हुआ है।

## एनबीआईएस में ग्रीष्मकालीन निःशुल्क स्वीमिंग कक्षाओं का आयोजन

**बिजनेस प्लस**

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में इस वर्ष शाला के ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग अलग तरीके से किया गया।

शाला द्वारा इस वर्ष शाला के बच्चों के लिए निःशुल्क स्वीमिंग कक्षाओं का आयोजन किया गया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा यह पहला प्रयास है, ताकि बच्चे पानी में सुरक्षित रहे। स्वीमिंग कक्षाओं में शाला के 200 बच्चों ने स्वीमिंग के गुण सीखें। शहर में यह पहला अवसर है, जब किसी संस्था द्वारा निःशुल्क स्वीमिंग सिखाई गई। श्री बाजपेयी का कहना है कि हम सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं को नहीं रोक सकते, किन्तु तैराकी सीखकर पानी की दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। स्वीमिंग हमारे संपूर्ण शरीर के लिए लाभदायक व्यायाम है, जो हमें मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखती है। प्रथम वर्ष के इस स्वीमिंग कक्षाओं की पालकों ने खूब सराहना की। पालकों द्वारा आगे भी इस तरह के गतिविधि कक्षाओं के संचालन की बात कही गई।



## निधन

### अय्यूब गोरी




**राजनांदगांव।** वार्ड नंबर 37 निवासी अय्यूब गोरी का मंगलवार को स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा अपरान्ह 4 बजे गंज चौक के कब्रस्तान ले जाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकगण, मित्रगण आदि शामिल थे।

### विमलादेवी श्रीवास्तव



**राजनांदगांव।** गांधी चौक सोनारपारा निवासी विमलादेवी श्रीवास्तव धर्मपत्नी स्व. आरएन श्रीवास्तव का मंगलवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शाम 4 बजे निवास स्थान से निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अमित श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव व अनुज श्रीवास्तव की मां थी।

रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर -15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



तेरहवीं आज



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करते है कि मेरी मां
श्रीमती प्रेमलता सोनी
का दिनांक 30.05.2025 दिन-शुक्रवार को विष्णुलोक प्रस्थान कर गई है।

दिवंगत आत्मा की शांति के लिए तेरहवीं कार्यक्रम
दिनांक 11 जून 2025 दिन बुधवार को
शांति भोज दोपहर 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक
स्थान : वार्ड न. 12 कचहरी पारा, कवर्धा
पुतरी शाला स्कूल प्रांगण में रखी गई है।

शोक संतप्त
मधुसूदन लाल सोनी (पुत्र)
मनोज, महेन्द्र, मनीष, मनीन्द्र, मुकेश, (पुत्र)
आदित्य एवं समस्त सोनी परिवार कवर्धा...
9425558555, 9977712504

**खबर संक्षेप**

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 30 जुलाई तक आमंत्रित

**हरिभूमि कवर्धा।** केंद्र सरकार की ओर से साल 1996 में राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की शुरुआत की गई थी। केंद्रीय मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए बच्चों का चयन किया जाता है। ऐसे बच्चे जिनकी उम्र 5 साल से ज्यादा और 18 साल से कम है, जो भारत के नागरिक हैं और देश में ही रहते हैं वे यह पुरुस्कार का लाभ ले सकते है।

केंद्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष समयानुसार इस योजना के तहत पात्र बालकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते है, आवेदन के लिए लिंक है। लिक मे 30 जुलाई 2025 तक आवेदन कर सकते है। जिले के सभी पात्र बालक-बालिकाएं इस योजना का लाभ ले सकते है।

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस ने घेरा ब्लॉक शिक्षा कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पूरे प्रदेश में साय सरकार के फैसले के विरोध में चरण बद्ध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है, इसी तारतम्य में सोमवार को पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में मंडी चौक में सर्वप्रथम नक्सली वारदात में शहीद हुए एएसपी राव को दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। सभा की शुरूआत की गई एवं धरना प्रदर्शन कर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय का घेराव किया गया।

जिसमें सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए। प्रदेश की साय सरकार के खिलाफ कांग्रेस के नेताओं ने जमकर भड़ास निकाली, सभी ने एक स्वर से युक्तियुक्तकरण का विरोध किया। धरना प्रदर्शन में मुख्य प्रवक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी ने कहा कि भाजपा शिक्षा में भी भगवाकरण करने जा रही है। सरकारी स्कूल बंद करके आरएसएस की संस्था सरस्वती शिशु मंदिर को फायदा पहुंचाने के लिए साय सरकार युक्तियुक्तकरण फार्मूला ले कर आई है। हम सब मिलकर 2028 में ये सरकार को उखाड़ फेकेंगे। सभा के पश्चात रैली के शक्ल में कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता साय सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ब्लॉक शिक्षा कार्यालय का घेराव किया, जहां बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थी। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया व अंत में महामहिम राज्यपाल के नाम से ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष राधेलाल भास्कर, खोवाराम भास्कर, महिला ब्लॉक अध्यक्ष शारदा सोनवानी, चंद्रभान टंडन, प्रहलाद निर्मलकर, अंगद शिव, राजकिरण ठाकुर, सुजीत कुम्भकार, दिलीप चंद्रवंशी, मुकेश संवरा, सुनील ठाकुर, नानुकलाल गढ़ेवाल, तिरिथ साकत, मनोज राजपूत, शुभाष पूरी गोस्वामी, सुजीत गायकवाड़, शिव गायकवाड़, त्रिलोकचंद निर्मलकर, आशीष गुप्ता, वैभव ठाकुर, सुजल ठाकुर, आशीष साहू, सुसेन चंद्रवशी, सतीश कोठारी, कन्हैया रजक, विमल साहू, प्रिंस प्रताप सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

**राज्य सरकार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है: ममता**



पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण से प्रदेश के 10 हजार स्कूल बंद हो जाएंगे, शिक्षकों का पद खत्म हो जाएगा। ये सरकार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। वहीं युवा नेता आनंद सिंह ने कहा कि युक्तियुक्तकरण से सिर्फ और सिर्फ भाजपा सरकार अपनी आर्थिक स्थिति सुधारना चाहती है जबकि 10400 से अधिक स्कूलों के बंद होने से बच्चों की शिक्षा पर सबसे गहरा असर पड़ेगा। किसान नेता रवि चंद्रवंशी ने कहां की छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार स्कूल बंद कर दारू की दुकान खोल रही है जो की बहुत ही निंदनीय है युक्तियुक्तकरण योजना विष्णुदेव साय सरकार की सबसे निम्न स्तर की सोच का नतीजा है। सभा को जिला पंचायत सदस्य अन्नपूर्णा चंद्राकर, योगेश्वर चंद्राकर, घनश्याम साहू, रवि मानिकपुरी, ललित धुर्वे, संजू तिवारी ने सम्बोधित किया। युवा नेता मनीष शर्मा ने कहा कि अगर युक्तियुक्तकरण का फैसला वापस नही लिया गया तो इसके सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ी जाएगी। साथ ही 57 हजार शिक्षकों का भर्ती का वादा करने वाली सरकार 10 हजार से अधिक स्कूल बंद कर रही है।

**भाजपा सरकार स्कूल बंद कर दारू की दुकान खोल रही: नवीन जायसवाल**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि डेढ़ साल में साय सरकार सभी वर्गों के साथ छलावा कर रही है। प्रदेश में शालाएं बन्द करके मधु शालाएं खोल रही है। प्रदेश के युवाओं को नौकरी न दे करके हांथो में शराब की बोतल दे रही है। सुशासन तिहार के नाम से सरकार के पैसे का दुरुपयोग कर रही है। आज हर वर्ग अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। छोटे-छोटे बच्चों का भविष्य खराब नही होने देंगे। कांग्रेस की लड़ाई सरकार के खिलाफ लगातार जारी रहेगी।

**आफत:** क्षेत्र में पेड़-पौधे व घर के उड़े छप्पर, बिजली व पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

# तेज तूफान व हल्की बारिश से बिजली खंभे गिरे, जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में मंगलवार की दोपहर 4 बजे अचानक मौसम बदला और तेज आंधी-तुफान के साथ हल्की बारिश होने लगी। तेज आंधी तुफान ने नगर में काफी तबाही मचाई। कई स्थानों पर पेड़ उखड़कर गिर गए, कई जगह बिजली के खंभे और तार टूट गए। जिससे तेज आंधी तुफान और बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। जिले से ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले एक-दो दिनों से लगातार तेज आंधी तूफान और हल्की बारिश बूंदाबांदी के चलते ग्रामीण रहवासियो को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बिजली खंभे व तार टूटकर जमीन छूने लगे साथ ही साथ घरों की छप्पर और टिन सेट उड़ने से ग्रामीणों की समस्याएं और बढ़ गई। जिसमें ग्राम राम्हेपुर कला, चंदनपुर, हरिनछपरा, नाऊडीह, सिंघनपुरी, गांगचुवा, बीजाझोरी, डबराभाट, दौजरी, जेवडन खुर्द, सारंगपुर खुर्द व क्षेत्र में जहां तेज आंधी तुफान से बिजली गुल होने से पानी के लिए ग्रामीणों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। वहीं रहवासी ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली व सायकल में पानी लाकर गुजर-बसर करने मजबूर हैं।





**तेज आंधी तुफान से बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी**

ग्रामीणों ने बताया क्षेत्र में बिजली बंद हो जाने से ग्रामीणों को उमस भरी गर्मी से लोग परेशान व हलाकान है। तेज आंधी तुफान की इस कहर से जगह-जगह पेड़-पौधे व बिजली की हाई वोल्टेज तार (इलेवन तार) व बिजली खंभे टूट कर जमीन पर गिरे हुए है। जिससे बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों रहवासियों का हाल बेहाल है।

# सैहामालगी में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ, लोगों को मिलेगा लाभ

- ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई दिशा, सकारात्मक बदलाव भी: भावना बोहरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम सैहामालगी में नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का उद्घाटन किया गया। यह केंद्र 40 हजार से अधिक जनसंख्या को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि स्वस्थ्य समाज से ही समृद्ध प्रदेश व देश का निर्माण होता है। क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके, यह हमारा प्राथमिक कर्तव्य है।

सैहामालगी में यह नया स्वास्थ्य केंद्र न केवल स्थानीय निवासियों के लिए बल्कि आसपास के गांवों के लिए भी एक वरदान साबित होगा। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया व स्वास्थ्यकर्मियों को उनके योगदान के लिए बधाई दी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे ने कहा कि यह स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं को पंडरिया विधायक ने सैहामालगी में नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। सरपंच लेखराम सिंगरौल ने कहा की यह संस्था स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएगी। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष छात्र किशोरी तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, जनपद प्रतिनिधि अश्वनी यदु, मनहण साहू, बालमुकुंद चंद्रवंशी, विकास पाण्डेय, नंदकुमार चन्दवशी, शिवराम, डॉक्टर सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थे।



**24 घंटे प्रसव सेवा, आपातकालीन उपचार, टीबी निदान के लिए डीएमसी लैब जैसी सुविधा**

यह केंद्र 1984 से संचालित हो रहा, बेहतर सुविधाएं भी यह केंद्र वर्ष 1984 से सीमित संसाधन के साथ एक छोटे से भवन में संचालित था। बढ़ती आबादी व स्वास्थ्य आवश्यकताओं को देखते हुए एक नए, आधुनिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग की गई। सीजीएमएससी द्वारा अनुबंधित एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत लाख रुपए की लागत से निर्मित मुख्य मार्ग से चार किमी की दूरी पर यह नया भवन 2024 में पूर्ण हुआ। अब यहां के केंद्र में 24 घंटे प्रसव सेवा, आपातकालीन उपचार, टीबी निदान के लिए डीएमसी लैब जैसी सुविधा से सुसज्जित है। क्षेत्र के नौ उप-स्वास्थ्य केंद्रों को भी यहीं से संसाधनों की आपूर्ति की जाएगी। केन्द्र के संचालन से आपातकाल सेवा दुर्घटनाओं और आपात में तुरंत इलाज उपलब्ध होगा।

# 14 बहनों को मिला लोक माता अहिल्याबाई होलकर सम्मान, उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

उदय चेरिटेबल वेलफेयर फाउंडेशन अपने मानवता सेवा के लिए रायपुर राजधानी मे जाना माना नाम है हर पल सेवा के लिए खड़ा रहता है, कई वर्षो से सेवा दे रहा है। मानव जन की सेवा के लिए सैकड़ों राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर चुका है। पुण्य श्लोक महारानी अहिल्या बाई होलकर सम्मान समारोह सेमिनार एक हाल रायपुर छत्तीसगढ़ में रखा गया था और इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मीनल चौबे महापौर रायपुर नगर निगम छग, डॉ उदय भान सिंह चौहान कार्यक्रम अध्यक्ष, आदिवासी समाज प्रणेता छग, व्याख्याता डॉ संजीव वशिष्ठ विशिष्ट अतिथि प्रांत अध्यक्ष सर्व समाज समन्वय महासभा छग, श्रीमती ममता शर्मा विशिष्ट अतिथि मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण छग, शताब्दी सुबोध पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी छग और उदय चेरिटेबल वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा पटनायक थें। उदय फाउंडेशन उन महिलाएं को यह सम्मान दिया जो अपने क्षेत्र में सामाजिक योगदान दिए हैं, भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन डारेक्टर व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा व सहायक डारेक्टर तान्या मरावी, शिवम पटेल बिलासपुर जिला अध्यक्ष, तुषार मरावी राष्ट्रीय महा सचिव, गोवर्ध मरकाम राष्टिय सचिव, प्रभात विश्वकर्मा, सुंदर सिंह मरावी राष्ट्रीय सदस्य, लिलाधर नेताम कबीरधाम जिला अध्यक्ष व राजेंद्र पटेल राष्ट्रीय सदस्य व हरदिहा पटेल समाज महासभा मुंगेली राज महासचिव की ओर से सभी बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं 14 बहनों को सम्मानित किया जिसमें सुश्री कृति चंद्रवंशी, श्रीमती प्रतिभा महाराणा, सुश्री अंजली चक्रधारी, सुश्री रानी निषाद, सुश्री स्वाती राजवाड़े, सुश्री युक्ता बंछोर, सुश्री रामेश्वरी सूर्यावंशी, प्रभा आदित्य, सुश्री स्मृति चौबे, सुश्री दक्षिता देवांगन, सुश्री निष्ठा यादव, सुश्री निशा नामदेव व सुश्री हर्षा छाबड़ा तथा श्रीमती सुमन बंघेल अंत में चितेरे फाउंडेशन का डारेक्टर बलबीर ने सुषमा पटनायक को आभार व्यक्त किया।



# जिले में राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 15 को



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

इंडोर स्टेडियम तरणताल कवर्धा में पहली बार राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, प्रतियोगिता 15 जून को रखा गया है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के समस्त जिला के प्रतिभागी शामिल हो सकते है। अभी तक के पंजीयन में रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा और कवर्धा जिला से नाम आया है। तैराकी में रुचि रखने वाले प्रत्येक खिलाड़ियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। प्रतियोगिता में पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 14 जून तक जिसमे रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों ही तरह से किया जा सकता है। कुल इवेंट 50 मीटर फ्री स्टाइल, 100 मीटर फ्री स्टाइल, 50 मीटर बैकस्ट्रोक, 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक और 50 मीटर बटरफ्लाई तरह के होंगे। जिसमे एक खिलाड़ी अधिकतम तीन इवेंट में भाग ले सकते है। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रतिभागियों के सुरक्षा हेतु जीवन रक्षक एवं ट्रेनर उपस्थित रहेंगे, रेफरी की भूमिका में तीनो राष्ट्रीय तैराक राजेश निर्मलकर, पूल और इवेंट इंचार्ज कुलेश्वर साहू, सेफ्टी इंचार्ज विनय निर्मलकर, प्रबंधक कालेश्वरी आर्मू, सहायक चंद्रसेन खरे, शीतल राजपूत उपस्थित रहेंगे।

## विकसित कृषि संकल्प रथ पहुंचा हरिनछपरा



**हरिभूमि बरबसपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा विकसित भारत कार्यक्रम अंतर्गत इस वर्ष विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक पूरे देश में संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड बोड़ला के ग्राम हरिनछपरा में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्रीमती माधुरी भागवत बंजारे, सरपंच श्रीमती रेखा धुर्वे, समाजसेवी ऋषि मिश्रा, शत्रुहन बंजारे उपस्थित थें। शिविर में कृषि वैज्ञानिक बीएस त्रिपाठी द्वारा कृषकों को मुख्य फसलों की खेती एवं कीट-रोग प्रबंधन की जानकारी दी गई, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वीरेंद्र यादव द्वारा कृषि विभाग में संचालित विभिन्न कृषक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी कृषकों को दी गई। क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा कृषकों को उन्नत गन्ना उत्पादन तकनीक एवं टिश्यू कल्चर गन्ना, ड्रिप सिंचाई की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मछली पालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग सीटूलाल कुर्रे व अधिकारियों ने अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी कृषकों को प्रदान की। उक्त कार्यक्रम में कृषक जलेश बघेल, मिलकु साहू, गोरेलाल सिन्हा, रामजी कुंजू साहू, राजू चतुर्वेदी, सहित ग्राम हरिनछपरा, राम्हेपुर, चंदनपुर के कृषक उपस्थित थें।

# ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत सभी विकास मूलक योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के दूरस्थ और आदिवासी बहुल ग्रामों को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान तहत 15 जून से 30 जून तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों बैठक लेकर इस अभियान की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल इस महाअभियान के अंतर्गत जिले के पंडरिया, बोड़ला, सहसपुर लोहारा और कवर्धा विकासखण्ड के आदिवासी बाहुल्य 275 ग्रामों में जागरूकता और संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जहां 17 मंत्रालयों की 25 योजनाएं सीधे जमीनी स्तर तक पहुंचेंगी। बैठक में अपर कलेक्टर मुकेश रावते, विनय पोयम सहित सर्व एसडीएमए जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने अभियान के सफल आयोजन के लिए कार्य योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और धरती आबा अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं से जनजातीय समुदाय के लोगों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गांवों में धरती आबा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों के गैप आइडेंटिफिकेशन के लिए सर्वे कराएं तत्पश्चात शिविरों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने इस अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को विभिन्न शिविरों के नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह अभियान राज्य तथा केंद्र सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, पूरी संवेदनशीलता के साथ चिन्हाकित ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन करें और शासकीय योजनाओं से वंचित परिवारों तथा ग्रामीणों को इस अभियान के माध्यम से लाभ दिलाए।




**25वीं राज्य स्तरीय जूनियर बेसबॉल खेल में कबीरधाम के खिलाड़ियों का दबदबा**

# बेसबॉल प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने प्राप्त किया स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

एक दिवसीय 25वीं राज्य स्तरीय जूनियर बेसबॉल बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन 09 जून को बिलासपुर में छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसमे प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के जूनियर बेसबॉल बालक-बालिका दोनों भी सम्मिलित हुई थी, वहीं छत्तीसगढ़ से बिलासपुर, कोरबा, रायपुर, मुंगेली, दुर्ग और महासमुंद की टीम भी सम्मिलित हुए थे। जिसमें कबीरधाम के बालक वर्ग टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल सात जिलों के टीम ने हिस्सा लिया था, जिनका दो पुल बनाकर मैच कराया गया जिसमें बिलासपुर और कवर्धा की टीम पिछले वर्ष के विजेता और उपविजेता थे, जिसके कारण कवर्धा की टीम सीधा सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जिसमे उनका सामना कोरबा की टीम से हुआ, इस प्रतियोगिता में कवर्धा की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और कोरबा को 02-01 के स्कोर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमे उनका मुकाबला पिछले वर्ष के विजेता बिलासपुर के साथ हुआ इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बहुत ही रोमांचक भरा रहा दो इनिंग का फाइनल मैच तीन इनिंग तक चला गया, क्योंकि शुरुआत के दो इनिंग में दोनों टीमों का स्कोर 01-01 रन से बराबर हो गया था। वहीं तीसरे इनिंग में कवर्धा की टीम ने अपने शानदार हिटिंग और पिचिंग के मदद से 03-02 के स्कोर से बिलासपुर को हराकर कवर्धा की टीम विजेता बना। इस प्रतियोगिता में कवर्धा के पिचर हिमेश दास मानिकपुरी ने शानदार प्रदर्शन किया साथ ही कृष सिन्हा, भावेश चंद्रवंशी, लक्ष्य लांझी, सोहम सिंह राजपूत, चंद्रेश कोर्राम, पंकज मेरावी और शुभम सेन ने शानदार हिटिंग एवं फील्डिंग किया और टीम को विजेता बनाया। वहीं बालिका वर्ग में चांदनी साहू, शीनू चंद्रवंशी, संध्या कौशिक, सुखवंतीन जांगड़े और डिगेश्वरी कुल पांच बालिका खिलाड़ियों में अपना नेशनल सलेक्शन ट्रायल दिलाया है, जिसमें से चयनित बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता 27 जून से 01 जुलाई तक गढ़मुक्तेश्वर उत्तरप्रदेश में होना है। छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के महासचिव सुश्री मिताली घोष के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के समस्त जिले से आए हुए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल लिया गया, जिसमें से बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया जाएगा साथ ही कवर्धा की विजेता टीम को महासचिव मिताली घोष के द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

**जिले के पदाधिकारियों ने उज्जवल भविष्य की बधाई दी**

प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी के खिलाड़ियो द्वारा जूनियर बेसबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक लगाने के उपलक्ष्य पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, जिला वनमण्डल अधिकारी निखिल अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक धमेंद्र सिंह, रायपुर पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ सदस्य मृत्युंजय शर्मा, अकेडमी के संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के चेयरमैन पवन देवांगन, जिला खेल अधिकारी दिनेश साहू, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर ने बधाई दी।

## खबर संक्षेप



### शिवकुमार मरकाम बने नेवारी सेक्टर अध्यक्ष

**कवर्धा।** जिला गोंड समाज सेवा समिति ब्लॉक इकाई कवर्धा की बैठक गत दिनो ग्राम नेवारी में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित समस्त समाज प्रमुखों ने ब्लॉक अध्यक्ष संतोष मरकाम के अध्यक्षता में फड़ापेन की पूजा कर बैठक शुभारंभ किया। बैठक में जिला अध्यक्ष राजा योगेश्वर राज सिंह के निर्देशन अनुसार जिला, ब्लॉक प्रबंध कार्यकारिणी गठन के बाद समस्त सेक्टर में सेक्टर के सर्व प्रभाग का प्रबंध कार्यकारिणी का गठन किया है। इसी क्रम में ब्लॉक अध्यक्ष संतोष मरकाम, ब्लॉक सचिव ईश्वरी धुर्वे, ब्लॉक संगठन मंत्री खेमलाल पोर्ते, ब्लॉक संरक्षक कार्तिक मरकाम, ब्लॉक अध्यक्ष (युवा प्रभाग) पंकज धुर्वे के नेतृत्व में नेवारी सेक्टर के आश्रित समस्त ग्राम के डिहवार छड़ीदार एवं सगा समाज ने सर्वसम्मति से शिवकुमार मरकाम को नेवारी सेक्टर के सर्व प्रभाग का अध्यक्ष मनोनित किया गया है साथ ही रतन धुर्वे उपाध्यक्ष, रघुनाथ नेताम सचिव, चिन्ताराम धुर्वे कोषाध्यक्ष, शंभु मरकाम संगठन मंत्री, सेक्टर संरक्षक प्रभुराम धुर्वे, आदि मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

### ब्राउन शुगर सप्लायर महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** ब्राउन शुगर का अवैध कारोबार करने वाली महिला को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ब्राउन शुगर की बड़ी सप्लायर ईतवारी रेल्वे स्टेशन शाद अस्पताल के सामने थाना शांति नगर नागपुर महाराष्ट्र निवासी चित्रा मनोज रहांगडाले उर्फ चित्रा ठाकुर को गिरफ्तार किया है। पूर्व में आरोपी देवेन्द्र विश्वकर्मा और करण रंगारी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया है। इन आरोपियों से ब्राउन शुगर कुल 2.5 ग्राम जिसकी कीमत 10 हजार रुपए आंकी गई है। नगदी 5 हजार भी जब्त किया गया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किए गए बाइक को भी बरामद किया।

# वनांचल में तूफान का ताण्डव, कई पेड़ व विद्युत पोल धराशाही, जनहानि की खबर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के मैदानी ईलाकों में इन दिनो पड़ रही भीषण गर्मी के बीच मंगलवार को विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ईलाकों में आंधी-तूफान का ताण्डव देखने को मिला। जिसमें कई पेड़ धराशाही हो गए और कई विद्युत पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए। जिसके चलते वनांचल के कुई विद्युत सब स्टेशन अंतर्गत आने वाले दर्जनो गांवों में विद्युत व्यवस्था प्रभावित रही। उल्लेखनीय है कि इन दिनो वैसे तो क्या मैदानी ईलाका और क्या वनांचल सभी जगह भीषण गर्मी का सितम देखने को मिल रहा है। लेकिन इस भीषण गर्मी के बीच मंगलवार के दूसरे पहर में विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ईलाकों का मौसम अचानक बदल गया करीब घंटे भर की मूसलाधार बारिश के साथ तेज आंधी तूफान शुरू हो गया। अचानक मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को फौरी तौर पर गर्मी से तो कुछ राहत मिली लेकिन आंधी तूफान के इस ताण्डव ने वनवासियों की समस्या और ज्यादा बढ़ा दी। बताया जाता है कि तेज आंधी तूफान में कई पेड़ जमीदोज हो गए। जिसके चलते कुछ मार्गो का आवागमन भी अवरूद्ध हो गया। वहीं इस आंधी तूफान में क्षेत्र के कई विद्युत पोल भी क्षतिग्रस्त होने की खबर है। जिसके चलते पंडरिया क्षेत्र के कई वनांचल ग्रामों की विद्युत व्यवस्था घंटो प्रभावित रही और क्षेत्रवासियों को बगैर बिजली के ही गुजारा करना पड़ा।



### कवर्धा में तेज आंधी के साथ गरजे बदरा

जिला मुख्यालय कवर्धा में भी दिनभर की भीषण गर्मी के बाद मंगलवार की शाम को अचानक मौसम बदल गया और आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते तेज आंधी तूफान शुरू हो गया और बादल भी गरजने लगे। फौरी तौर पर तो बादल सिर्फ गरज ही रहे थे लेकिन शाम ढलते-ढलते बरस भी गए। लेकिन यह बेमौसम बारिश जले में नमक छिड़कने जैसी ही थी। जिससे लोगों को गर्मी से तो कुछ राहत मिली लेकिन उमस कम नहीं हो पाई।

### जनोमाल के नुकसान की खबर नहीं

क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार की शाम को जिस ढंग से क्षेत्र में आंधी तूफान का रौद्र रूप देखने को मिला उससे आशंका लगाई जा रही थी की क्षेत्र के लोगों को बड़ी जनोमाल का नुकसान हो सकता है लेकिन इसे गनीमत ही कहें ही क्षेत्र के किसी भी हिस्से से इस तरह की खबर नहीं आई है। हालांकि वनांचल में कुछ पेड़ों के धराशाही होने और उनकी चपेट में आने से विद्युत पोलों के क्षतिग्रस्त होने की खबरें जरूर आई हैं।

### दुर्घटना को न्यौता दे रहे सड़क किनारे लगे कई पेड़

जिले के वनांचल से गुजरने वाले मार्गो के किनारे लगे कई पेड़ राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं लेकिन विभाग द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ऐसे में लोगों ने वर्षाकाल के पूर्व मार्ग किनारे खड़े ऐसे खतरनाक पेड़ों को चिन्हांकित कर हटाए जाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि जिले का एक बड़ा आबादी क्षेत्र वनांचल ईलाकों में बसा हुआ है और इन आबादी क्षेत्रों में पहुंचने के लिए इन्हीं वनांचलों के भीतर से होकर मार्ग गुजरते हैं। बताया जाता है कि जंगलों के भीतर से गुजरने वाले इन मार्गो के दोनों ओर कई-कई किलो मीटर तक जंगल स्थित है जिसमें कुछ पेड़ जमीन के कटाव के कारण बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच चुके है। ऐसे पेड़ों की जड़े भी जमीन के ऊपर आ चुकी हैं। देखने में तो ये पेड़ पूरी तरह से हरे-भरे हैं लेकिन इनका बेस बेहद कमजोर हो चुका है। जरा से हवा पानी में ही इन पेड़ों के धराशाही होने की संभावना हमेशा बनी रहती है।

**कार्रवाई :** पीड़ित शिक्षक से 4 लाख के कर्ज के बदले 40 की वसूली का आरोप

# सूदखोर आरोपी महिला के खिलाफ पुलिस ने कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



पीड़ित शिक्षक की शिकायत के आधार पर पिपरिया पुलिस ने एक सूदखोर महिला के खिलाफ शिकंजा कसा है। पुलिस ने प्राप्त शिकायत के आधार पर आरोपी सूदखोर महिला के खिलाफ अपराध क्रमांक 175/2025 अंतर्गत धारा 294, 351(2), 308(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं छत्तीसगढ़ ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 1937 की धारा 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। हालांकि अभी तक आरोपी महिला की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी प्राप्त नही हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पिपरिया में शासकीय शिक्षक राधेलाल डहरिया, निवासी वार्ड क्रमांक 12, इंदौरी द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत दर्ज कराई गई कि ग्राम झलमला निवासी श्रीमती शकुन उर्फ सतनाम खुराना उर्फ सतनाम खुराना पति सतबीर उर्फ लक्की खुराना द्वारा वर्षों से सूदखोरी कर मानसिक, आर्थिक व सामाजिक रूप से उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़ित शिक्षिक ने आवेदन के माध्यम से पुलिस को इस बात की भी जानकारी दी कि उसके द्वारा वर्ष 2018 में घरेलू आवश्यकताओं हेतु शकुन खुराना से 4,00,000 रूपए की रकम उधार ली गई थी। जिस पर आरोपी महिला द्वारा अवैध रूप से 10 प्रतिशत मासिक ब्याज वसूला गया। वर्षों तक पीड़ित ने जमीन बेचकर, बैंक से लोन लेकर लगभग 40,00,000 रूपए से अधिक की राशि शकुल खुराना का दिया जा चुका है। फिर भी आरोपी महिला द्वारा धमकी, अश्लील गाली-गलौज, परिवार को अपमानित करना, तथा झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी जाती रही है। पीड़ित शिक्षक ने बताया कि गत 03 जून 2025 को आरोपी महिला अपने पति के साथ उसके घर पहुंचकर दबावपूर्वक चार हस्ताक्षरित कोरे चेक प्राप्त कर जबरदस्ती साथ ले गई। यही नहीं, पीड़ित के स्कूल में भी पहुंचकर बार-बार फोन के माध्यम से ब्लैकमेल किया गया। पीड़ित शिक्षक राधेलाल डहरिया की इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अब पिपरिया पुलिस ने आरोपी सूदखोर महिला के खिलाफ अपराध क्रमांक 175/2025 अंतर्गत धारा 294, 351(2), 308(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं छत्तीसगढ़ ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 1937 की धारा 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

### पुलिस ने शुरू की मामले की जांच




पीड़ित शिक्षक की शिकायत सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अमित कश्यप, उप निरीक्षक जयराम यादव एवं टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। ऐसे मामलों में पुलिस का रुख पूर्णतः सख्त है एवं किसी भी प्रकार की शोषणकारी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी परिस्थिति में अवैध सूदखोरों से उधार न लें। यदि धन की आवश्यकता हो, तो अधिकृत बैंक या सहकारी संस्थाओं से ऋण लेना ही उचित विकल्प है। इसके साथ ही, नागरिकों को सतर्क किया जाता है कि कभी भी किसी को भी हस्ताक्षरित कोरा (ब्लैंक) चेक न दें, चाहे वह व्यक्ति कितना भी परिचित या करीबी क्यों न हो। अक्सर ऐसे चेकों का दुरुपयोग कर लोगों को झूठे मामलों में फंसाया जाता है और उनका मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक शोषण किया जाता है।



# आक्रोशित शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

- युक्तियुक्तकरण निरस्त करने सहित चार सूत्रीय मुद्दे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी, प्रेमनारायण शर्मा एवं परस अंचल के नेतृत्व में जिले के शिक्षकों ने रैली पश्चात कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर की ओर से तहसीलदार परमेश्वर मंडावी ने ज्ञापन स्वीकार किया। इससे पहले पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले के शिक्षकगण प्रातः 11 बजे जिला मुख्यालय के रानी दुर्गावती चौक में एकत्र हुए, जहां त्रुटिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के खिलाफ शिक्षकों ने जमकर नारेबाजी किया। तत्पश्चात शिक्षकों ने मोटरसाईकल से रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी, प्रेमनारायण शर्मा, परस अंचल, आसकरण धुर्वे, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, हेमलता शर्मा, बलदाऊ चन्द्राकर, उमेश चन्द्रवंशी, भूपेंद्र जाटवर, देवानंद चन्द्रवंशी, राजेश तिवारी, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, मुनव्वर बेग, दुर्गा चन्द्रवंशी, संतोष शर्मा, सुशील चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, भागवत कौशिक, मधवेश केशरी, नरेंद्र चंद्रोल, नारायण धुर्वे, शिव वर्मा, कामता चन्द्रवंशी, चरणजीत पाहुजा, कमलेश कामड़े, मोहन लहरे, हुमचंद धुर्वे, नंद सोनी, रामसिंह साहू, विजय लांझियाना, रामफल चन्द्राकर आदि उपस्थित थे।

### युक्तियुक्तकरण के त्रुटियों का खोला पोल

शिक्षक साझा मंच ने त्रुटिपूर्ण युक्तियुक्तकरण में और त्रुटि करने का पोल खोलते हुए बताया कि वर्तमान युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में संलग्न शिक्षक को मूल शाला में दर्शाते हुए अतिशेष की गणना करना है, लेकिन अधिकारियों ने इसका खुला उल्लंघन करते हुए पंडरिया ब्लॉक के प्राथमिक शाला टाटाकसा में संलग्न शिक्षक को यथावत रखते हुए उस स्कूल में पदस्थ सहायक शिक्षक कौशल तेली को अतिशेष बनाकर बोड़ला ब्लॉक के प्राथमिक शाला शिवनी कला में पदांकित कर दिया गया है। जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि ऐसे ही एक मामला जिला मुख्यालय के स्वामी करपात्री जी उच्चतर माध्यमिक शाला से आया है, जहां परिवीक्षा अवधि समाप्ति का आदेश जारी नहीं होने के बाद भी व्याख्याता प्रीति गुप्ता को अतिशेष बनाकर बिरकोना हायर सेकेंडरी स्कूल में पदांकित कर दिया गया है। ज्ञातव्य हो कि ऐसे ही मामले में प्रदेश के चार अधिकारियों को निलंबित किया जा चुका है।

### जिले के शिक्षकों के लिए नजदीक का पद छुपाया

जिले में अतिशेष घोषित शिक्षकों के लिए जिला व ब्लॉक मुख्यालय के आसपास के पदों को काउंसलिंग में नहीं दिखाया गया अर्थात जिले के शिक्षकों को परेशान करने के लिए नजदीक के पदों को छुपा दिया गया। इस संबंध में जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि इसे मिडिल स्कूलों में गणित विषय के उदाहरण से समझा जा सकता है। जिले में मिडिल स्कूल के छः गणित शिक्षकों को अतिशेष घोषित किया गया था, जिनके लिए बोड़ला ब्लॉक के शम्भूपीपर, लरबक्की, बैरख, पंडरिया ब्लॉक के तेलियापनी लेदरा व कुम्ही एवं कवर्धा ब्लॉक के बिरकोना को दिखाया गया। इनमें से बिरकोना को छोड़ दिया जाए तो शेष स्कूल जिला मुख्यालय से 50 से 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। छुपाए गए स्कूल का राज तब खुला जब संभाग में हुए काउंसलिंग के समय कवर्धा जिला मुख्यालय के पास स्थित स्कूलों को दिखाया गया, जिसमें नेवारी, स्वामी करपात्री स्कूल कवर्धा, इंदौरी, धमकी, बम्हनी आदि का नाम शामिल है। इन स्कूलों में अब दुर्ग जिले के शिक्षक पदांकित हुए हैं।

# विद्युत समस्या निवारण शिविर में 170 शिकायतें व मांग

- भारतीय किसान के तत्वाधान में पिपरिया में आयोजित किया गया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लगातार की शिकवा शिकायतों एवं मांगों के बाद भी समस्याओं का समाधान न होते देख भारतीय किसान संघ की तहसील ईकाई पिपरिया तथा कवर्धा के संयुक्त तत्वाधान में क्षेत्रीय किसानों की विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए विद्युत समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में विद्युत विभाग कवर्धा के कार्यपालन यंत्री एस फ्लोरा, सहायक अभियंता पिपरिया संदीप सोनी, कनिष्ठ अभियंता पिपरिया श्री देवांगन सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान अपनी समस्याएं व मांग लेकर शिविर में पहुंचे थे। नगर पंचायत पिपरिया के मण्डी परिसर में आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के किसानो ने मुख्य रूप से क्षतिग्रस्त विद्युत पोल बदलने, जर्जर खराब केबल तार बदलने, पेनल बोर्ड बदलने, जले ट्रांसफार्मर को नया लगाने, नलकूप के लिए लंबित स्थाई बिजली कनेक्शन शीघ्र प्रदान करने, विद्युत पोल विस्थापन करने, नए लगाए गए स्मार्ट मीटर में अधिक विद्युत बिल की समस्या सहित अन्य समस्याएं व मांग विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखी।

भारतीय किसान संघ से मिली जानकारी के मुताबिक शिविर में पिपरिया क्षेत्र से 61, ग्राम मरका से 35, इंदौरी से 44 व रवेली से 30 सहित कुल 90 गांवों से 170 शिकायतें व मांगे सामने आई। इस अवसर कार्यपालन अभियंता श्री फ्लोरा ने प्राप्त शिकायतों व मांगों पर आश्वासन देते हुए कहा कि जले हुए ट्रांसफार्मर, खराब केबल तार व झुके आड़े तिरछे विद्युत पोलों को एक सप्ताह के अंदर प्राथमिकता के साथ त्वरित कार्यवाही कर दुरुस्त कर दिया जाएगा। उन्होने कहा कि जिन किसानों का जून 2024 तक डिमांड राशि जमा हो चुका है सभी का स्थाई विद्युत कनेक्शन लग जायेगा। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी बिजली विभाग के अधिकारी का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस शिविर के माध्यम से सभी किसानों को एक ही स्थान पर विभाग के अधिकारियों के समक्ष अपनी मांग व समस्याएं रखने का अवसर मिला है।

शिविर में भारतीय किसान संघ की जिला उपाध्यक्ष वीरांगना अदिति कश्यप, महामंत्री जीवन यादव, जिला कार्यालय मंत्री कमलेश चंद्रवंशी, जिला कार्यकारिणी सदस्य दूधेश्वर चंद्राकर, दिनेश चंद्रवंशी, जयराम चंद्रवंशी, सिद्धू चंद्रवंशी, पिपरिया तहसील अध्यक्ष विकाश चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी, पूर्व तहसील अध्यक्ष प्रदीप, गौसेवक कैलाश चंद्रवंशी, गिरिद, मनोज चंद्रवंशी, पिंटू चंद्रवंशी, जलेश, गोकुल, शेष नारायण सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# युक्तियुक्तकरण को लेकर ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव व धरना प्रदर्शन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी पंडरिया द्वारा जिले के पंडरिया विकासखण्ड में युक्तियुक्तकरण को लेकर ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किए जाने के बाद स. लोहारा लाक में भी ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किए जाने का ऐलान किया गया है। इस संबंध में कांग्रेस युवा नेता चोवाराम साहू ने बताया कि शिक्षा विभाग में नए सेटअप के नाम पर युक्तियुक्तकरण के कारण लगभग 10 हजार से अधिक स्कूल बंद हो जाएंगे और 45000 शिक्षकों के पद खत्म हो जाएगा। प्रदेश भाजपा सरकार की इस गलत नीति के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी स. लोहारा एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ठाठापुर द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व ब्लॉक शिक्षा कार्यालय स. लोहारा का घेराव 12 जून को दोपहर 1.00 बजे किया जाएगा। वहीं स्थानीय महावीर चौक में सभा का आयोजन किया जाएगा। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से उपस्थित रहने का आव्हान किया है।

**जिले के चारों ब्लाकों में खेल शिविर आयोजित, 660 बालक-बालिकाओं ने लिया हिस्सा**

# जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन इस वर्ष भी किया गया। यह शिविर जिले के चारों विकासखण्डों बोड़ला (इन्द्रप्रस्थ स्टेडियम), पंडरिया (विद्यालय खेल मैदान नवापारा पांडातराई), कवर्धा (विद्यालय खेल मैदान झलमला), तथा सहसपुर लोहारा (विद्यालय खेल मैदान, विरेन्द्र नगर) में आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य जिले के युवाओं में खेलों के प्रति अभिरुचि जागृत करना तथा उन्हें विभिन्न खेल विधाओं में प्रशिक्षण प्रदान करना रहा। प्रशिक्षण शिविर में हॉकी, बॉलबैडमिंटन, व्हॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, कराते, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, हैंडबॉल, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल एवं क्रिकेट सहित विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्रशिक्षित खेल प्रशिक्षकों द्वारा प्रातः एवं सायं सत्रों में प्रदान किया गया। जिला स्तरीय समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग, सहायक कार्यक्रम समन्वयक समग्र शिक्षा राकेश चन्द्रवंशी एवं प्रभारी खेल अधिकारी एमके गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र तथा प्रशिक्षकों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में जय किशन, राजा जोशी, प्रमोद कौशिक, मोहम्मद गनी खान, कुमार चन्द्रवंशी, मोहम्मद साजिद खान, प्रदीप श्रीवास, दीपांसु जांगड़े, अभिषेक चन्द्रवंशी, रविन्द्र साहू, ब्रिजेश चन्द्रवंशी, जगतारन झारिया एवं संतोषी कोषले सहित अन्य प्रशिक्षकों का सक्रिय सहयोग रहा। विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में कुल लगभग 660 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। यह शिविर जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ है।

# शिक्षा का अधिकार अधिनियम के समुचित क्रियान्वयन के लिए नोडल प्राचार्यों का प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी वायडी साहू एवं जिला नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में मंगलवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दुर्गावती चौक कवर्धा में दो पालियों में नोडल प्राचार्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सहायक संचालक यूआर चंद्राकर उपस्थिति थे। राज्य स्तर पर प्रशिक्षित एमआईएस, प्रशासक सतीश यदु एएनओ, आरटीई, चारो विकासखंड के प्रबुद्ध प्रशिक्षक कवर्धा से संजय कैवर्त प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मरका, बोड़ला अश्वनी कोसरे प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुसुमघटा, पण्डरिया संजय वैष्णव प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कंझेटा व शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सहसपुर लोहारा से नारायण वर्मा ने जिले के कुल 90 नोडल प्राचार्य (आरटीई) विकास खण्ड कवर्धा के 27, बोडला 19, स.लोहारा 17 एवं पंडरिया के 27 नोडल प्राचार्यों को सफलता पूर्वक विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षा का अधिकार अधिनयम में निहित प्रावधानो को उल्लेखित करते हुए अ शा स की य विद्यालयों में 25 शीट अलाभित समुस एवं दुर्बल वर्ग के बालकों के लिए प्रतिवर्ष पहली कक्षा एण्ट्री क्लास में कुल सीट संख्या का 25 प्रतिशत शीट निर्धारित सीमा के अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बालकों से भराजाने संबंधी आदेश-निर्देश को साझा करते हुए विस्तृत चर्चा किया गया।

